भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

25.03.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2680 का उत्तर

भारतीय रेल में रोजगार सृजन

2680. डा. एल. हनुमंतय्याः

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान भारतीय रेल में कितने-कितने स्वीकृत पद और रिक्त पद हैं, तत्संबंधी जोन-वार, वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विगत पांच वर्षो के दौरान रेलवे के प्रत्येक जोन में सृजित किए गए नए रोजगारों की संख्या में गिरावट आई है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) यदि नहीं, तो प्रत्येक जोन में जोड़े गए नए रोजगारों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को रेलवे की नौकरी करने के इच्छुक युवा उम्मीदवारों द्वारा हाल ही में किए गए विरोध-प्रदर्शनों की जानकारी है; और

(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

sk

भारतीय रेल में रोजगार सृजन के संबंध में 25.03.2022 को राज्य सभा में डा. एल. हनुमंतय्या और श्री मल्लिकार्जुन खरगे के अतारांकित प्रश्न सं. 2680 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क): पिछले पांच वर्षों में राजपत्रित कोटि में पदों की स्वीकृत संख्या (एसएस) और रिक्तियों (वेकेन्सी) का जोन-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैः

जोनल रेलवे	**01.04.2018**		**01.04.2019**		**01.04.2020**		**01.04.2021**		**01.02.2022**	
	एसएस	**रिक्तियां**	**एसएस**	**रिक्तियां**	**एसएस**	**रिक्तियां**	**एसएस**	**रिक्तियां**	**एसएस**	**रिक्तियां**
मध्य	1214	88	1240	95	1145	17	1172	54	1166	104
पूर्व तट	670	88	695	104	683	103	683	74	682	93
पूर्व मध्य	1093	215	1120	188	1062	115	1046	155	1047	179
पूर्व	1281	199	1275	194	1184	168	1145	179	1153	195
मेट्रो	112	26	113	21	102	10	114	23	116	24
उत्तर मध्य	863	162	864	185	775	125	783	147	782	126
पूर्वोत्तर	567	78	560	63	677	61	692	68	702	82
पूर्वोत्तर सीमा	1134	219	1160	216	1016	102	1047	122	1051	141
उत्तर	1565	280	1421	-8	1617	115	1649	174	1644	169
उत्तर पश्चिम	747	107	808	157	850	125	849	104	857	113
दक्षिण मध्य	1042	136	1109	154	1042	36	1016	62	1061	34
दक्षिण पूर्व मध्य	576	84	579	101	616	123	573	67	596	99
दक्षिण पूर्व	969	163	973	172	941	98	948	139	937	156
दक्षिण	1223	157	1240	178	1170	113	1147	146	1155	159
दक्षिण पश्चिम	525	35	532	38	589	41	588	51	587	62
पश्चिम मध्य	694	77	706	92	659	93	657	54	655	69
पश्चिम	1242	214	1262	202	1219	190	1274	184	1263	168
कुल	**15517**	**2328**	**15657**	**2152**	**15347**	**1635**	**15383**	**1803**	**15454**	**1973**

sk

पिछले पांच वर्षों में अराजपत्रित कोटि (लेवल-1 सहित) में पदों की स्वीकृत संख्या (एसएस) और रिक्तियों (वेकेन्सी) का जोन-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैः

जोनल रेलवे	**01.04.2018**		**01.04.2019**		**01.04.2020**		**01.04.2021**		**01.02.2022**	
	एसएस	रिक्तियां	एसएस	रिक्तियां	एसएस	रिक्तियां	एसएस	रिक्तियां	एसएस	रिक्तियां
मध्य	123104	21359	124513	24237	123053	24583	122120	26674	121452	27483
पूर्व तट	54963	8731	55046	9539	56527	9550	56527	8583	56109	8142
पूर्व मध्य	97195	18465	96486	18800	95699	15881	95521	16643	94629	15634
पूर्व	129616	19558	129419	22757	130070	25548	130070	26519	130070	28219
मेट्रो	4865	798	4877	896	4985	998	4985	798	4985	878
उत्तर मध्य	81829	16840	83170	20194	82970	19197	82970	18946	82970	17838
पूर्वोत्तर	62928	13003	62552	14397	62784	14150	62004	14153	61447	14329
पूर्वोत्तर सीमा	75990	16278	72938	15892	74509	15476	73108	15724	72409	15855
उत्तर	171071	31222	171259	40248	171958	38984	169190	37757	167645	37433
उत्तर पश्चिम	61188	14402	62174	17274	61508	14660	60743	15232	60438	15018
दक्षिण मध्य	97762	16218	97250	18788	95541	14856	95304	15471	95191	16878
दक्षिण पूर्व मध्य	53455	7477	54725	9544	55372	9499	55026	8744	54873	9434
दक्षिण पूर्व	98792	14279	98944	17491	98788	16835	96915	15736	96762	17208
दक्षिण	103828	15700	102289	19198	102533	19199	100059	17785	99469	20161
दक्षिण पश्चिम	42408	5923	42072	7050	42799	6053	42357	5579	42276	6400
पश्चिम मध्य	65411	11105	65142	12258	64540	9284	64540	10291	64349	11111
पश्चिम	115519	19052	116074	23721	116487	23453	115646	24800	114366	26351
कुल	**1439924**	**250410**	**1438930**	**292284**	**1440123**	**278206**	**1427085**	**279435**	**1419440**	**288372**

sk

(ख) से (घ): भारतीय रेल द्वारा विभिन्न विभागों जैसे मैकेनिकल, कमर्शियल, इलेक्ट्रिकल, सिविल इंजीनियरी, सिगनल एवं दूरसंचार, मेडिकल आदि के संबंध में स्टेशनों, सवारी डिब्बों, माल डिब्बों, कोचिंग डिपुओं, इंजनों, पटरियों आदि सहित अपनी विभिन्न परिसंपत्तियों का सृजन, मरम्मत और रखरखाव के लिए कार्यों की व्यापक श्रेणियों का कार्यान्वयन किया जाता है। ये कार्य अपने कर्मचारियों द्वारा और/अथवा ठेकागत एजेन्सियों के माध्यम से आउटसोर्सिंग (विशेषकर गैर-कोर गतिविधियों/जो कि स्थाई रूप से नहीं चल रही हों) के द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं। रेलों द्वारा आउटसोर्सिंग सेवाओं में सुधार की दृष्टि से और परिचालन में दक्षता लाने हेतु समय-समय पर आवश्यकता के आधार पर की जाती है तथा आउटसोर्सिंग कार्यों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की संख्या आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर भिन्न-भिन्न होती हैं। आउटसोर्सिंग के माध्यम से सृजित किए गए रोजगार की संभावनाओं की संख्या भी समय-समय पर भिन्न होती है और इसकी मात्रा को निर्धारित नहीं किया जा सकता कि इस प्रकार के कितने रोजगार सृजित किए जाने हैं।

भारतीय रेल के श्रमिक कल्याण पोर्टल के अनुसार नियुक्त किए गए ठेकागत श्रमिकों का ब्यौरा निम्नानुसार हैः

वर्ष	**ठेकागत श्रमिकों की संख्या**
2018-19	81,186
2019-20	1,68,126
2020-21	1,43,294
2021-22 (दिसम्बर 2021 तक)	1,08,218

(ङ) और (च): जी हां। उम्मीदवारों द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुलझाने के लिए दिनांक 26.01.2022 को रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) के अध्यक्षों और अन्य रेलवे पदाधिकारियों सहित रेलवे बोर्ड के पदाधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है जिसे स्वीकार कर लिया गया है। समिति द्वारा लिए गए निर्णय का नोटिस और सभी पे लेवलों एवं सीईएन 01/2019 के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा के दूसरे चरण के साथ-साथ सीईएन आरआरसी-01/2019 के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा हेतु संशोधित परिणाम घोषित करने का कार्यक्रम 10.03.2022 को आरआरबी की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

****

sk